THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF WOMEN AND CHILD DEVELOPMENT (SHRIMATI BASAVARAJESHWARI) : (a) As (a) At the latest meeting of the UNICEF Executive Board, the Indian delegation made important interventions calling for renewed efforts in the spheres of nutrition, education and literacy and improvement of the status of women and involvement in family planning.

(b) The interventions were well received.

(c) Yes Sir, concerned senior officials visit rural areas to monitor the implementation of various national programme, some of which are assisted by UNICEF.

(d) Officers dealing with UNICEF assisted programmes interact with officials of the UNICEF.

राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान में महिला अधिकारियों के साथ भेद-भाव

2102. **श्री राम नरेश यादव** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान में कार्यरत महिला अधिकारियों को पुरुष अधिकारियों के बराबर प्रोत्साहन देने के लिए सरकार क्या परिवर्तन लाने का विचार रखती है, और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमार सैलजा) :

(क) राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) द्वारा पूरी तरह से वित्तपोषित एक स्वायत्त संगठन है। सेवा संबंधी मामलों में सभी नियम और विनियम केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों की भांति संस्थान के कर्मचारियों पर भी लागू होते हैं। सेवा की सभी निबंधन और शर्तें जो पुरुष कर्मचारियों पर लागू होती हैं, समान रूप से संस्थान की महिला कर्मचारियों पर भी लागू होती है तथा इस संबंध में कोई भेद-भाव नहीं है।

(ख) इस संबंध में कोई कदम उठाने का विचार नहीं हैं।

मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट आफ एशियन स्टडीज

2103. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ भीम अफजल** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जनवरी, 1993 में कलकत्ता में मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ एशियन स्टडीज की स्थापना की गई थी,

(ख) यदि हां, तो, इस संस्थान को स्थापित करने का क्या उद्देश्य था, और

(ग) इस संस्थान हेतु बनाई गई समिति में कितने सदस्य हैं और उनके क्या-क्या नाम हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा एवं संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी सैलजा) :

(क) जी, हां।

(ख) मुख्य उद्देश्य एशियाई अध्ययन में अनुसंधान, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान और भारत के साथ क्षेत्र के देशों के संबंधों और मौलाना अबुल कलाम आजाद के जीवन तथा कार्य पर विशेष बल देने के लिए एक केन्द्र स्थापित करना था, जिससे कि इस महान नेता की स्मृति को कायम रखा जा सके।

(ग) इस सोसायटी में 35 सदस्य हैं, जो इस प्रकार है :—

(i) पश्चिम बंगाल के राज्यपाल अध्यक्ष होंगे,

(ii) सचिव, संस्कृति विभाग भारत सरकार अथवा उनका प्रतिनिधि,

(iii) सचिव, शिक्षा विभाग भारत सरकार अथवा उनका प्रतिनिधि,

(iv) वित्त सलाहकार, संस्कृति विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार (वित्त मंत्रालय का प्रतिनिधि),